हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 मई 2024


तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री


10 आदर्श गांवों के सरपंच ने सांझा किए अनुभव





10 वर्कर्स को उन्मुखीकरण मॉड्यूल योजना की दी ट्रेनिंग




## खबर संक्षेप

### एमपीएचडब्ल्यू संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव मखंड घर से डयूटी के लिए गांव सफाखेड़ी के लिए निकला स्वास्थकर्मी संदिग्ध हालत में गायब हो गया। परिजनों की शिकायत पर उचाना थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मखंड निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटा सुनील स्वास्थय विभाग में एमपीएचडब्ल्यू के पद पर गांव सफाखेड़ी डयूटीरत है।

### डोडा चुरापोस्त सप्लाई मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** एएसआई जयभगवान की टीम ने डोडा चुरापोस्त सप्लायर आरोपी पिंजुपुरा निवासी रिंकु को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई मंजीत सिंह की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध धीरदेसर पुरोहितान, तहसील श्री डुंगरगढ जिला बिकानेर राजस्थान निवासी लिच्छू राम को पट्टी कोथ मानस रोड़ स्थित घर से दबिश देकर काबू किया गया।

### रंजिशन हमला करने पर 7 के खिलाफ केस

**जींद।** गांव डिडवाडा में रंजिशन हमला कर दो भाइयो को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डिडवाडा निवासी प्रमोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई सतीश के साथ खेत में काम करने गया हुआ था।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** बाइक चोरी मामले में थाना कलायत पुलिस के एचसी देवेंद्र सिंह की टीम द्वारा बड़सिकरी कलां निवासी शंकर उर्फ गोगा को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बड़सीकरी कलां निवासी जोनी की शिकायत अनुसार उसकी कम्बाइन पर ड्राइवर कर्मवीर की बाइक 27 अप्रैल को गांव बड़सीकरी कलां से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### ताला तोड़ लाखों का सामान किया चोरी

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड 11 में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए घर से लगभग छह लाख रुपये की नगदी सहित 20 लाख रुपये के गहने व अन्य कीमती सामान को चोरी कर लिया। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। वार्ड 11 निवासी प्रदीप वर्मा ने बताया कि वह स्वर्णकार की दुकान चलाता है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**कैथल।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानसुार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल की अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायधीश श्रीमती रितु वाई. के. बहल की देखरेख में 11 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### चार बच्चों की मां बिना बताए घर से लापता

**कैथल।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने सदर थाना में शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि चार मई को उसकी भाभी चार बच्चों को छोड़ कर घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। उसके बाद से वह वापस नहीं आई है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जयपाल ने बताया केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हमला करने का एक आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** विद्यापीठ मार्ग पर तेजधार हथियार से लैस होकर प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर में बैठे लोगों पर हमला कर घायल करने के आरोपित को पुलिस ने मंगलवार को काबू किया है। आरोपित की पहचान रामनगर निवासी सूर्यपाल उर्फ विशु के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अमित खर्ब ने बताया कि 14 मार्च को रुपगढ़ निवासी सुनील सुनील ने पुलिस को शिकायत दी थी।

# कैसे होगी एंबुलेंस चालकों की जांच, 72 की जांच के लिए सिर्फ एक अल्कोहल सेंसर

## कनीना हादसे के बाद पैकिंग से बाहर आया अल्कोहल सेंसर, अभी तक केवल डेमो ही हुआ, जांच नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में कार्यरत एंबुलेंस चालकों समय-समय पर जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग को अल्कोहल सेंसर उपलब्ध करवाए गए हैं ताकि एंबुलेंस चालकों की जांच हो सके कि कहीं वह शराब तो नहीं पीये हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के पास केवल एक अल्कोहल सेंसर है, जो आज तक पैकिंग में ही था। जिसको कभी बाहर नहीं निकाला। अब कनीना हादसे के बाद उसे केवल डेमो के लिए बाहर निकाला था और फिर पेक कर दिया गया। ऐसे में एंबुलेंस चालकों की जांच कैसे हो सकेगी जबकि आदेश हैं कि प्रतिदिन दो बार एंबुलेंस चालकों की अल्कोहल सेंसर से जांच होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के पास 31 एंबुलेंस हैं। इनमें से छह एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट), छह बीएलएस (बेसिक लाइफ सपोर्ट), 16 पीटीएम (रोगी परिवहन एम्बुलेंस) तथा तीन एमएमयू (मेडिकल ऑन व्हील) हैं। इन 31 एंबुलेंस पर 72 चालक तैनात हैं ताकि इनको रोटेशन में तीनों शिफ्टों में चलाया जा सके। इसके अलावा इन एंबुलेंस पर 24 ईएमटी तैनात हैं। इन सभी की जांच के लिए पूरे जिले में केवल एक ही अल्कोहल सेंसर है और वह भी आज तक प्रयोग नहीं किया गया। स्वास्थ्य निदेशालय ने निर्देश दिए थे कि जिन अस्पतालों में अल्कोहल सेंसर नही हैं या द्विक्तर कम हैं, उनकी संख्या बढ़ाई जाए। इसके बावजूद आज तक नागरिक अस्पताल में इन अल्कोहल सेंसरों की संख्या नहीं बढ़ पाई। संख्या बढ़ना तो अलग बात हैंए आज तक यहां उपलब्ध एक सेंसर से किसी एंबुलेंस चालक की जांच भी नहीं हो पाई। ऐसे में यदि कोई एंबुलेंस चालक शराब में नशे में गाड़ी चलाता है तो फिर हादसा होने पर इसकी जिम्मेदार कौन लेगा।



जींद। नागरिक अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस। फोटो :हरिभूमि

### अल्कोहल सेंसर के लिए डिमांड भेजी

डिप्टी सीएमओ एंबुलेंस डा. रवि राणा ने बताया कि अल्कोहल सेंसर के लिए डिमांड भेजी गई है। जल्द ही इनकी संख्या बढ़ जाएगी। इसके बाद सभी चालकों की नियमित जांच शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने पिछले दिनों ही एंबुलेंस का कार्यभार संभाला है। जांच की गई तो स्वास्थ्य विभाग के पास केवल एक अल्कोहल सेंसर मिला है। तीन.चार दिन पहले ही इसे निकालकर जांचा था।

### जुलाना के पास एक वर्ष पहले हादसा

रात को एक वर्ष पहले एक गर्भवति महिला को पीजीआई रोहतक ले जाते समय एक एंबुलेंस के साथ हादसा हो गया था। एंबुलेंस डिवाइडर से टकरा गई थी। इसमें हालांकि गर्भवति महिला व बच्चे को नुकसान नहीं हुआ लेकिन गाड़ी को काफी नुकसान पहुंचा था। उस समय मरीज के परिजनों ने एंबुलेंस चालक पर शराब पीने का आरोप लगाया था। इससे पहले भी एंबुलेंस चालकों पर नशे में होने के आरोप लग चुके हैं।

## जींद को मिली आरटीफिशियल इंटेलीजेंस एक्स-रे पोर्टेबल मशीन

# मात्र 30 सैकेंड में मिलेगी मरीजों को एक्स-रे रिपोर्ट

### बिजली न होने पर भी मशीन करेगी काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

देश को वर्ष 2025 तक क्षय रोग से मुक्त करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जींद नागरिक अस्पताल को आरटीफिशियल इंटेलीजेंस एक्स-रे पोर्टेबल मशीन उपलब्ध कराई गई है। इस मशीन की खास बात यह है कि इस मशीन की सहायता से टीबी के मरीज को खोजने में सहायता मिलेगी और रिपोर्ट 30 सेकेंड में मिलेगी। जिसके बाद मरीज की बलगम की जांच करवा कर उसका उपचार किया जा सकेगा। इसके अलावा यह मशीन सामान्य मशीन से कम रेडिएशन पर काम करती है और सबसे बड़ी बात यह है कि बिजली न होने पर भी इस मशीन से काम लिया जा सकता है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। यहां दो एक्स-रे मशीनें स्थापित की गई है। एक एक्स-रे मशीन क्षय रोग वार्ड में तथा दूसरी मशीन नई बिल्डिंग स्थित सिटी स्कैन सेंटर में लगी हुई है। हर दिन यहां सौ से अधिक एक्स-रे किए जाते हैं। सबसे 'यादा परेशानी तब आती है जब नई बिल्डिंग स्थित सिटी स्कैन सेंटर में लगी मशीन खराब होती है और मरीजों को एक्स-रे के लिए क्षय रोग वार्ड में भेजा जाता है। ऐसे में यहां क्षय रोग (टीबी) फैलने का खतरा बन जाता है। वहीं गंभीर अवस्था के मरीज या फिर क्षय रोगियों को एक्स-रे वार्ड में आवागमन कराने में अस्पताल कर्मियों एवं संबंधित के परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिसके चलते इस मशीन की डिमांड अस्पताल प्रबंधन द्वारा की गई थी।



जींद। डैमो करके दिखाते रेडियोलॉजिस्ट संदीप। फोटो :हरिभूमि

### डैमो करके दिखाया

नागरिक अस्पताल को मिली आरटीफिशियल इंटेलीजेंस एक्स-रे पोर्टेबल मशीन का डैमो सीएमओ डा. गोपाल गोयल, डिप्टी सीएमओ (टीबी) डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी सीएमओ (मलेरिया) डा. बिजेंद्र ढांडा के समक्ष रेडियोलॉजी ऑफिसर संदीप जांगडा ने करके दिखाया। मात्र 30 सेकेंड में रिपोर्ट उपलब्ध हुई। वहीं गंभीर बीमारी से पीड़ित एवं दुर्घटना में घायल ऐसे मरीज जो अस्पताल के एक्स रे कक्ष तक नहीं पहुंच सकते हैं, उनका एक्स-रे बेड पर ही किया जा सकता है। यह मशीन एक्स-रे करने के लिए गंभीर मरीजों के पास ले जाई जा सकेगी। इससे यह फायदा होगा कि मौके पर ही मरीज का एक्सरे होते ही चिकित्सक तत्काल इलाज शुरू कर देंगे और रोगी की जान बच सकेगी। एक्स-रे की रिपोर्ट मात्र 30 सेकेंड में उपलब्ध होगी।

### जल्द इलाज प्रारंभ होगा

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि मशीन से एक्स-रे करके चिकित्सक को पता चल जाएगा कि रोगी के शरीर में कहां संक्रमण है और बिना समय गंवाए ही चिकित्सक संक्रमण को खत्म करने का इलाज शुरू कर देंगे। मशीन से होने वाले एक्स-रे की गुणवत्ता में भी सुधार होगा व जल्द रिपोर्ट मिलेगी।

# दो लोगों की प्रताड़ना से परेशान हो युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

- पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव सेरधा के युवक जगदीप ने दो लोगों की प्रताड़ना से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। गांव सेरधा निवासी बलबीर की शिकायत पर राजेश और सुरेंद्र के विरुद्ध राजौंद थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि उसने साल 2011 में दोनों आरोपितों के साथ सेरधा के पास एमडी पब्लिक स्कूल पूंडरी रोड राजौंद में साढ़े 85 लाख रुपये देकर 25 प्रतिशत हिस्सेदारी ली थी। कोरोना के समय में आरोपितों ने उसे हिस्सेदारी से निकाल दिया था और पैसे भी वापस नहीं किए थे। इस बारे में उनकी पंचायत हुई थी और 60 लाख 50 हजार रुपये देने पर समझौता हो गया था। अब हमारे साढ़े 12 लाख रुपये बकाया रह गए थे। एक यह भी शर्त रखी गई थी कि स्कूल में उसका पोता और पोती फ्री में पढ़ाई करेंगे। दोनों आरोपितों ने ना तो पैसे वापस किए और ना ही उसके पोते और पोती को पढ़ाया। जब भी उसका बेटा जगदीप पैसे मांगने के लिए आरोपितों के पास जाता तो उसे प्रताड़ित किया जाता था। उनकी प्रताड़ना से परेशान होकर उसके बेटे जगदीप ने 30 मार्च को जहरीला पदार्थ निगल लिया था। उसे शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। डाक्टरों ने छह मई को उसे चंडीगढ़ पीजीआइ रेफर कर दिया था, लेकिन रास्ते में ही उसके बेटे की मौत हो गई थी। उसके बेटे ने आरोपितों की प्रताड़ना को लेकर सुसाइड नोट भी लिखा हुआ है। जांच अधिकारी एएसआइ भान सिंह ने बताया केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आज नरवाना में सीएम नायब सिंह सैनी करेंगे जनसभा को सम्बोधित



**नरवाना।** प्रैस प्रवक्ता विकेश तागरा ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 मई को सुबह के करीब 9 बजे नरवाना के हुड्डा कांप्लेक्स में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनसभा को सम्बोंधित करेंगे। जिसके साथ-साथ राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, सिरसा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर व जिला अध्यक्ष राजकुमार मोर भी जनसभा के सामने अपने विचार साझा करेंगे।

# नकली करंसी रखने के दोषी को चार साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नोरिया की अदालत ने नकली भारतीय करंसी के जुर्म में दोषी को चार साल का कारावास तथा दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार सदर थाना नरवाना पुलिस को पांच जून 2019 को सूचना मिली कि ढाकल गांव के ठेके पर एक युवक नकली नोट चलाने के उद्देश्य से शराब खरीदने पहुंच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने शराब ठेके के निकट निगाह रखनी शुरू कर दी। जब संदिग्ध व्यक्ति वहा पर पहुंचा तो उसे पुलिसकर्मियों ने काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से साढ़े छह हजार रुपये के नकली नोट मिले। जिसमें चालीस नोट सौ-सौ के और पांच नोट पांच-पांच सौ रुपये के थे। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गांव छातर निवासी रोहताश के रूप में हुई थी। सदर थाना नरवाना पुलिस ने रोहताश के खिलाफ नकली करंसी रखने ओर बाजार में चलाने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था।

## चुनाव को लेकर गाड़ियों की चैकिंग....



**राजौंद।** असंध रोड पर लोकसभा चुनाव को लेकर राजौंद में नियुक्त चेकिंग टीम ने गाड़ियों की चेकिंग की। कुरुक्षेत्र लोकसभा के चुनाव को लेकर नियुक्त टीम में शामिल अमित कुमार शर्मा ने बताया कि चुनाव में उनकी टीम सहित राजौंद क्षेत्र में ड्यूटी लगी है। बताया कि प्रतिदिन चेकिंग के दौरान विभिन्न नाकों पर 200 से 250 गाड़ियों की चेकिंग प्रतिदिन की जा रही है। किसी तरह का भी अवैध रूप से कैश या अन्य किसी तरह की भी कोई शंका नजर आती है तो जांच कर पर कार्यवाही की जा रही है। कहा कि वह टीम के साथ कलायत व राजौंद क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा हैं जो 25 मई तक जारी रहेगा। बताया कि राजौंद में किठाना व राजौंद कलायत में शिमला में नाके लगाए गए हैं।

### कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या करने के मामले की जांच थाना गुहला प्रबंधक एसआई सुरेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी गांव अगौंध निवासी श्रवण कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव अगौंध निवासी पवनजीत सिंह की शिकायत अनुसार 4 मई को शाम के 6 बजे उसका भाई नाहर सिंह उर्फ गोल्डी पैदल ही दूध लेने जा रहा था। उसके साथ 7 वर्षीय बेटा नवराज और गांव का अंग्रेज सिंह भी था। इस दौरान जब तीनों अंग्रेज सिंह के मकान के गेट के सामने गली में पहुंचे तो सामने से आरोपी गांव अगौंध निवासी श्रवण आ रहा था। तभी उसके भाई नाहर सिंह ने श्रवण को कहा कि तूं मजदूरी के एडवांस रुपये ले गया और काम के लिए मकान पर नहीं आ रहा। इस बात पर श्रवण ने गुस्से में आकर कुल्हाड़ी निकाल ली और भाई के सिर व मुंह पर हमला कर दिया।

# आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लगाया 21.86 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

- पुलिस ने महिला समेत दो लोगों पर दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

दो लोगों को अस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर 21 लाख 86 हजार रुपये हडपने का मामला सामने आया है। पीड़ितों को जो वीजा थमाए गए वे भी फर्जी पाए गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर महिला समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मुआना निवासी रणधीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा प्रद्युमन तथा दामाद गांव मगलाई निवासी निखिल विदेश जाने के इच्छुक थे। किसी जानकार ने बताया कि मोहाली निवासी सुमन तथा गुरदीप कैली इमीग्रेशन के नाम कार्यालय चलाते हैं। जो युवकों को विदेश भेजते हैं। जिस पर उसने मई 2023 में सुमन से संपर्क साधा। जिसने मोहाली अपने कार्यालय में बुला लिया, जहां पर गुरदीप भी मिला। अस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 36 लाख रुपये की डिमांड की गई। जिस पर आरोपितों ने दस्तावेज भी ले लिए। 18 अगस्त 2023 को आरोपितों ने 36 हजार रुपये अंबेसी खर्च के नाम पर डलवा लिए और एक साल का टूरिस्ट वीजा व्हाट्सअप पर भेजा। 31 अगस्त 2023 तक आरोपितों ने उनसे 21 लाख 86 हजार रुपये ले लिए। देर रात को उनके पास दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने लिए फोन आया और एक नवंबर 2023 को सुबह अस्ट्रेलिया के लिए फ्लाइट बताई। दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने पर गुरदीप वहां पर मिला। जहां पर डेढ़ लाख रुपये नगद लेकर डॉलर बदलवाने तथा टर्मिनल तीन पर जाने को कहा था।

## दोपहर को सड़कें सुनसान, बाजार में छाई विरानी, राहत के आसार नही

# गर्म हवा के थपेड़ों से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

मौसम का मिजाज लगातार गर्म होता जा रहा है। 41 डिग्री पहुंचे तापमान तथा तथा पछुआ गर्म हवा के थपेड़ों से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। दोपहर को गलियां व सड़कें पर वीरानगी जा गई। बाजार भी सुनसान नजर आया। सड़कों पर वाहन भी कम दिखाई दिए। आंशिक बादलवाई भी आकाश में देखने को मिली। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि मौसम में आद्रता 14 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नही हैं। चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि गर्मी को देखते हुए 'यादा से 'यादा पेय पदार्थो का प्रयोग करें। स्वच्छता का ध्यान रखें और शरीर को ढांप कर रखें। गर्मी में बाहर निकलने से परेहज करें। पिछले चार दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। तापमान 41 डिग्री तक जा पहुंचा है। पिछले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान में भी चार डिग्री की बढ़ौत्तरी दर्ज की गई है। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिल रहा है। गर्मी से काम धंधे प्रभावित हो रहे हैं, दिन चढ़ने के साथ मौसम गर्माने लगता है, दोपहर तक हालात यहां तक हो जाते हैं कि सड़के तथा गलियां सुनसान नजर आने लगती हैं।



जींद। तेज धूप में बसों का इंतजार करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**तेज धूप में निकलने से परेहज करें:** मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नही है। तापमान में और भी बढ़ोत्तरी होगी। हालांकि बीच -बीच में आंशिक बादलवाई भी देखने को मिलेगी। सामान्य अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि तापमान 'यादा जा रहा है, ऐसे हालात में कोई भी गर्मी की चपेट आ सकता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि तेज धूप में निकलने से परेहज करें। ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थ लें स्वच्छता का ध्यान रखें। घर से निकले तो अपने शरीर को कपड़े से ढांप कर रखें।

# घर में घुस पंच को पीटा सरपंच का बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अलेवा

गांव पेगां निवासी पंचायत के एक पंच के साथ घर में घूसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी व शस्त्र अधिनियम के पुराने मामले में पुलिस ने गांव की ही महिला सरपंच के बेटे सुरेंद्र को नगूरां चौक से काबू किया है।

अलेवा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी से पुछताछ के दौरान हमले में इस्तेमाल की कार व लाइसेंसी पिस्तोल को जींद गन हाउस से बरामद किया है। गत सात फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में पेगां निवासी नरेश ने बताया था कि गांव की मौजूदा पंचायत में वार्ड नंबर 9 से पंच होने के साथ ही करियाने की दुकान की हुई है। सात फरवरी को दुकान पर बैठा हुआ था कि गांव की सरपंच का बेटा सुरेंद्र, अमित, आजाद उर्फ जादु व सन्नी चारों आल्टो गाड़ी लेकर दुकान पर आ गए। बताया कि सरपंच का बेटे ने पंचायत के प्रस्ताव रजिस्ट्रर पर हस्ताक्षर करने की बात कहने लगा। इसकी पूरी जानकारी नही होने के अलावा सामूहिक बैठक भी न होने से सभी पंचों के हस्ताक्षर होने के बाद ही साईन करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### दो स्थानों से दो सोलर मोटर चोरी, केस दर्ज

जींद । गांव सिवाहा तथा भूरायण में बीती रात चोरों ने खेतों से दो सोलर मोटरों को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिवाहा निवासी सतनारायण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत मे ट्यूब्वैल पर सोलर मोटर लगाई हुई है। बीती रात चोरों ने उसकी सोलर मोटर को चोरी कर लिया।

### एनसीसी कैडेट करेंगे मतदान बूथों पर सहयोग

जींद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अब एनसीसी कैडेट मतदान के दिन बूथों पर जिला प्रशासन का सहयोग करेंगे। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में एनसीसी कैडेट की ड्यूटियां मतदान के दिन लगाना सुनिश्चित करें।

### चोरी करने के तीन आरोपी काबू, भेजे जेल

जींद । जिलेभर में किसानों के खेतों से ट्यूबवेल की केबल चोरी करने के अलग-अलग मामलों में जिला पुलिस ने तीन आरोपितों को काबू किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सफीदों के रामपुरा रोड निवासी विशाल उर्फ छोटा व राजेश उर्फ काला, इंदिरा कालोनी निवासी रोहित के रुप में हुई है।

### भाजपा प्रत्याशी का विरोध करेगा अनुबंधित कर्मचारी

जींद । अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ के बिल्लू दहिया ने बताया कि 15 जून तक प्रदेश के सभी जिलों में प्रदेश पदाधिकारी प्रवास करेंगे और संगठन के कार्य को बढ़ाते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे और 'यादा सबसे 'यादा अनुबंधित कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने का काम करेंगें। खेदड़ और यमुनानगर थर्मल में चल धरने के बाद 12 जून को हुआ समझौता लागू नहीं होने से संघ में भारी रोष है ।

### ऑनलाइन ले सकते हैं चुनाव की जानकारी : रजा

जींद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा के मतदाताओं की सुविधा के लिए लोकसभा आम चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू की गई हैं। जिनका प्रयोग करके कोई भी मतदाता या उम्मीदवार चुनाव से संबंधित अपडेट की जानकारी ले सकता है और समस्याओं का समाधान भी हो सकता है।

### टैलेंट शो में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मचाया धमाल

जींद । दालमवाला पब्लिक स्कूल में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने टैलेंट शो अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर उन्होंने कविता पाठन में डांस में और भी कई सारी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूल प्राचार्या संगीता शर्मा ने उन्हें पुरस्कृत किया। प्राचार्या ने बताया कि दालमवाला पब्लिक स्कूल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

### पूर्व सीएम हुड्डा 11 को सफीदों में करेंगे संवाद

सफीदों । लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा आगामी 11 मई को सफीदों में कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं के साथ संवाद करेंगे। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव एवं कार्यालय प्रभारी संजीव मुआना ने बताया कि यह कार्यकर्त्ता बैठक आगामी 11 मई को नगर के लक्ष्मी पैलेस में होगी।

### तीन उद्घोषित अपराधी दबोचे

जींद। पुलिस ने उद्घोषित अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया हुआ है। जिसके चलते पुलिस ने तीन उद्घोषित अपराधियों को पकड़ने में कामयाबी प्राप्त की। आरोपितों की पहचान सोनीपत के झुआमारा निवासी विकास, पानीपत के दरियापुर निवासी अशोक व सच्चाखेड़ा निवासी बलजीत के रुप में हुई।

## 1530 घरों का सर्वे, बुखार पीड़ित 104 लोगों के खून के नमूने जांच के लिए भेजे

# स्वास्थ्य विभाग की सात टीमों ने घर-घर जाकर जांचा लार्वा

### कोई भी बुखार हो सकता है, मलेरिया, सतर्क रहने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

डेंगू तथा मलेरिया के लार्वा को ढूंढने के लिए स्वास्थ्य विभाग की सात टीमों ने नगूरां गांव में दस्तक दी। इस दौरान टीम ने 1530 घरों का सर्वे करने के अलावा बुखार पीड़ित 104 लोगों के खून के नमूने लेकर जांच के लिए लैब में भेजे। वहीं लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पंपलेट भी बांटे। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। रेपिड टीम के अलावा फ्रंट लाइन एमपीएचडब्ल्यू मेल व फिमेल हर समय बुखार संभावित मरीजों पर नजर रखे हुए है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारी मामले को लेकर प्रतिदिन डेंगू, मलेरिया, चिकन गुनिया व जापानी बुखार बारे में अपडेट ले रहे हैं। स्वास्थ्य निरीक्षक ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि स्त्रोस रिडक शन अभियान प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा चलाया जा रहा है। इसके लिए गांव के लोगों का भी कर्तव्य बनता है कि जहां कहीं व अपने आसपास बुखार संभावित मरीज दिखे तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर खून की जांच के लिए भेंजे ताकि समय रहते इस मरीज का ईलाज हो सके। वहीं इस दौरान टीम ने होदी, कूलर, फ्रीज की ट्रे, टायर, गमला, पक्षियों के पीने के पानी के कटोरे, छत पर पड़े नारियल के खोल, प्लास्टिक की बोतल आदि की जांच की। उन्होंने कहा कि अपने घर के आसपास गंदगी और पानी इक्कठा न होने दें। घरों की खिड़कियों पर जाली लगवाएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। सप्ताह में संडे को ड्राई डे के रूप में मनाते हुए होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे और छतों पर पड़े कबाड़ की सफाई करें। रात के सोते समय पूरी बाजू के कपड़े और मच्छर नाशक क्रीम का प्रयोग करें। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी संजय, कुलदीप सैनी, विनोद, कृष्ण रेढू के अलावा एएनएम हरिता, सविता, संतोष तथा आशा वर्कर सुनिता, जुगेश, संतोष, सीमा, गीता, बिमला, मंजू आदि उपस्थित थी।



अलेवा। नगूरां गांव में खून की जांच करती एएनएम नवीन ढांडा व टीम। फोटो :हरिभूमि



अलेवा। गांव बरसोला में मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### स्वच्छता का रखें ख्याल

जींद । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव बरसोला में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम जयवीर सिंह, सुशील शर्मा, पवन कुमार, रामदयाल, ओमप्रकाश शर्मा, पूजा, सुमित कुमारी द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे किया गया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई व ग्रामवासियों को नुक्कड़ सभाएं करके मलेरिया, डेंगू से बचाव बारे जागरूक किया गया। एमपीएचडबल्यू जयवीर सिंह ने बताया कि मई माह से अक्टूबर माह तक रैपिड फीवर मास सर्वे किया जाएगा। इस दौरान हर घर में विजिट की जाएगी। जिसको बुखार होगा उसकी रक्त पट्टिका बनाई जाएगी और घर के कूलर, टंकी, होदी, ड्रम, छतों पर पड़े कबाड़, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे आदि में लार्वा की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास पानी नही खड़े होने देना है। अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें। कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दें। मच्छरदानी लगा कर सोएं और ध्यान रखें कि उस पर मच्छर मारने वाली दवा लगी हो व उसमें कोई छेद न हो और वह कहीं से फटी न हो। पानी के बर्तनों को ढक कर रखें।



नरवाना। योगी बाबा बालक नाथ के स्वागत के लिए खडे महंत। फोटो :हरिभूमि

# राजनीति और सम्प्रदाय अलग-अलग चीजें: महंत

- आठमान व शंखाढाल के विशाल भण्डारें के कार्यक्रम में महंत योगी बाबा बालकर नाथ ने की शिरकत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और राजस्थान के तिजारा विधानसभा से विधायक महंत योगी बाबा बालक नाथ नरवाना के पीपल नाथ डेरा में और पीर महंत जागनाथ के डेरा बाबा पीपल नाथ को गदीनशीन करके आठ मान के भण्डारे व शंखाढाल का चादर अभिषेक कर उनको डेरा पीपल नाथ का कार्य भार सौंपा गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर महन्त केशर नाथ, महन्त अर्जुननाथ, सन्ध्या नाथ महाराज, ब्रहलीन महन्त योगी बीरनाथ, व योगी जागनाथ महाराज उपस्थित रहें। 6 मई की रात को एक विशाल जागरण का आयोजन किया गया था। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बाबा बालक नाथ ने बताया कि ये सब कार्य महंत 1008 बाबा संध्या नाथ पूर्व राजा नाथ सम्प्रदाय की देखरेख में सम्मपन हुआ जिसमें बाबा संध्या नाथ की रहनुमाई में डेरा बाबा पीपल नाथ का संचालन किया जाएगा। उन्होंने ने बताया नाथ सम्प्रदाय में काफी संख्या में सिद्ध योगी हुए हैं जिनमें से बाबा पीपल नाथ भी एक सिद्ध योगी हुए हैं। महंत बाबा 1008 पूर्व राजा संध्या नाथ जो राजस्थान में प्रवास करते हैं उनकी सरपरस्ती में आठ मान भण्डारे व शंखा ढाल का आयोजन किया गया। बाबा महंत जाग नाथ को शाल ओढ़ाकर पीर पीपल नाथ की गदी का गदीनशीन करके पूर्व राजा 1008 के साथ मिलकर डेरे का काम काज देखेंगे।

योगी बालक नाथ ने आगे कहा कि राजनीति और सम्प्रदाय अलग-अलग चीजें हैं बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय और भुपेंद्र सिंह हुड्डा का गांव पास-पास है उनकी राजनीतिक विचारधारा अलग-अलग हो सकती है लेकिन भुपेंद्र सिंह हुड्डा उनके पास आते रहते हैं। उन्होंने लोगों के नाम अपने संदेश में कहा कि उनकी इच्छा है कि सभी लोगों को ऐसे धार्मिक स्थलों से जुड़ना चाहिए जिससे उनके स्वभाव से करुणा प्रेम जागृत हो और लोगों का भला कर सके।

# जींद: मातृ दिवस पर विद्यार्थी अपनी माता को लिखेंगे पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने पत्र जारी किया

निपुण हरियाणा कार्यक्रम के तहत भाषा के लेखन कौशल विकास के लिए मातृ दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपनी माता को पत्र लिखने बारे हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने पत्र जारी किया है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि निपुण हरियाणा कार्यक्रम के तहत भाषा विकास के लिए विभाग द्वारा कई कार्यक्त्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ओआरएफ की प्रतियोगिता आदि मुख्य हैं। लिखित भाषा के विकास के लिए लेखन प्रतियोगित करवाई जानी हैए जिसम मातृ दिवस के संदर्भ में कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थी अपनी माता को पत्र लिखेंग। इसके अलावा विद्यार्थी अपनी दादी अथवा नानी को भी पत्र लिख सकते हैं। इस प्रतियोगिता में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

इसमें तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए छह पंक्तियां व 60 शब्द निर्धारित किए गए हैं। वहीं चौथी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए दस पंक्तियां व 100 शब्द और पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 130 शब्द व 15 पंक्तियां निर्धारित की गई हैं। पत्र में विद्यार्थी अपने मन के भावए विचारों तथा अपनी श्रद्धा प्रकट करने के उद्देश्य से माता के बारे में उनकी अच्छाइयोंए उनके द्वारा दिए जाने वाले प्यार दुलारए पालन-पोषण में किए जाने वाले अथक प्रयासों, पढ़ाई-लिखाई तथा अच्छी आदतें एवं संस्कार प्रदान करने में की जा रही मदद बारे उल्लेख करते हुए अपना आभार प्रकट करेंगे।

### राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में दाखिला के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

नरवाना। राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी संस्थान नरवाना में तीन वर्ष के डिप्लोमा इंजीनियरिंग और लेटरल इंट्री में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरु कर दी है। संस्थान के प्रधानाचार्य जंसवत सिंह ने बताया कि संस्थान में 6 ब्रांच कम्पयूटर इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग,टैक्सटाईल डिजांइन व टैक्सटाईल टैक्नोलाजी तीन वर्षिय डिप्लोमा करवाया जाता है। इच्छुक विधार्थी सस्थान में आकर अपना आवेदन कर सकते है सभी विधार्थी ध्यानपूर्वक अपना आवेदन करें आवेदन भरते समय कोई गलती ना हो। संस्थान के एडमिशन इंचार्ज डा0 अंजू ने बताया कि संस्थान में प्रत्येक ब्रांच में 60 सीटें है। जिसमें 25 % सीटें लडकियों के लिए आरक्षित है। छात्रों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के लिए परिवार पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज, आधार कार्ड, निजी मोबाईल नबंर एंव ई-मेल, आवास प्रमाण पत्र, आरक्षण व जाति प्रमाण पत्र, परिवार की आमदनी का प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आंए।

# रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- फैमिली पेंनशनर्ज को एलटीसी प्रदान की जाए

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक अक्षर भवन में प्रधान छा'जूराम नैन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन सचिव राजकुमार श्योकंद द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित रिटायर्ड कर्मचारीयों ने निर्णय लिया कि रिटायर्ड कर्मचारीयों का जिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता छा'जूराम नैन द्वारा की जाएगी। सम्मेलन में रा'य की और से रा'य प्रधान जरनैल सिंह सांगवान, वित्त सचिव मनोहर जाखड़ व निर्मला सम्मेलन को संबोधित करेंगे तथा केंद्रीय व रा'य सरकार की गतिविधियों को बताया जाएगा कि केंद्र सरकार द्वारा ठेका प्रथा को लागू करने, निजीकरण को बढ़ावा देने, कौशल रोजगार निगम को बंद किया जाए।

पुरानी पैंशन बहाल की जाए। पांच, 10, 15 प्रतिशत पैंनशन में बढ़ोत्तरी प्रदान की जाए, जो हिमाचल प्रदेश में व पंजाब में 65, 70, 75 वर्ष आयु पूरी करने वाले रिटायर्ड कर्मचारियों को प्रदान की जाती है, उसी प्रकार हरियाणा सरकार द्वारा भी उनकी तरह प्रदान करें। फैमिली पैंनशनर्ज को एलटीसी प्रदान की जाए। कम्यूटेशन बारह साल में पूरी की जाए, मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपये दिया जाए। मेडिकल कैशलेस आयुष्मान में योजना में शामिल न किया जाए बल्कि हरियाणा सरकार द्वारा पैनल के अस्पतालों में इलाज शुरू किया जाए। बैठक को रामफल दलाल, सतबीर, आजाद पांचाल, रामफल रोहिल्ला एवं मा. होशियार सिंह, कर्मवीर सिंह शामिल हुए।



नरवाना। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### महिलाएं अपने अधिकार-स्वाभिमान के प्रति जागृत हो रहीं

नरवाना। केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में इतिहास विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान की मुख्य वक्ता कपिल मुनि महिला महाविद्यालय कलायत में कार्यरत इतिहास प्राध्यापिका शीला रही। उन्होंने विभिन्न युगों में महिला की स्थिति विषय पर अपने विचार रखे। कॉलेज प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक समाज में महिलाएं अपने अधिकार एवं स्वाभिमान के प्रति जागृत हो रही है। वह पौराणिक बंधनों को तोड़कर कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ आगे बढ़ रही है। प्रोफेसर शीला ने अपने मुख्य वक्तव्य में कहा कि वैदिक काल में स्त्रियों के संबंध में कहा गया था कि श्यत्र नार्यस्तु पू'यंते रमंते तत्र देवताश अर्थात जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। मध्यकाल में महिलाओं को उनके अधिकारों और समानता से वंचित कर दिया गया। उन्हें शोषित एवं पद दलित नारी के रूप में समाज के समक्ष रखा गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद महिलाओं के जीवन यापन में काफी बदलाव आया।

# आदर्श गांवों के सरपंच ने साझा किए अनुभव

- ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर आदर्श गांव-आदर्श खेती विषय पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्कीम नंबर19 स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर मंगलवार को आदर्श गांव-आदर्श खेती विषय पर सरपंचों का सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें राजस्थान के जयपुर क्षेत्र के जोहाता आदर्श गांव के सरपंच श्याम प्रताप राठौड़ ने अपने अनुभव सुना कर जींद जिले के सरपंचों एवं अन्य पदाधिकारियों को अपने अपने गांव को आदर्श गांव बनाने के लिए प्रेरित किया। संस्था के माउंट आबू स्थित हैड क्वार्टर कार्यालय से पधारे ब्रह्माकुमारीज ग्राम विकास प्रभाग के संयोजक चंद्रेश भाई ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज संस्था आदर्श गांव-आदर्श खेती अभियान के तहत देश भर के किसानों एवं सरपंचों को सहयोग देकर ग्रामीणों के जीवन को सुखमय तथा तनावमुक्त बनाने के अभियान में जुटी हुई है। रसायनिक खेती से उपर उठ कर योग आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए संस्था किसानों को प्रेरित कर रही है। सरपंच श्याम प्रताप राठौड़ ने कहा कि उन्होंने गांव के लोगों, प्रशासन, स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से गांव को पूरे राजस्थान का पहला आदर्श गांव बनाया। अभियान के तहत उत्तराखंड सरकार ने गांव को आदर्श मॉडल गांव के रूप में चुना और उत्तराखंड के 280 सरपंचों को अध्ययन के लिए राजस्थान स्थित उनके गांव में भेजा।



अतिथिगण को सम्मानित करते बीके विजय दीदी, भ्राता विजयए बीके चंद्रेश भाई।




जींद। विश्व अस्थमा दिवस पर व्याख्यान देती छात्रा। फोटो :हरिभूमि

### धूम्रपान प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दोनों रूपों में घातक : सिहाग

जींद। आधारशिला विद्यालय में विश्व अस्थमा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों से अस्थमा की बीमारी के प्रति जागरूक किया। अपनी प्रस्तुतियों में उन्होंने अस्थमा के कारण, लक्षण व उपचार आदि के विषय में विस्तारपूर्वक समझाया। अस्थमा का मुख्य कारण धूम्रपान बताते हुए उन्होंने इस से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि अस्थमा जानलेवा बीमारी है। हमें इस से बचने के लिए नियमित रूप से पर्यावरण रक्षा एवं सुरक्षा, आस-पास साफ-सफाई व प्रदूषण पर नियत्रंण द्वारा ही काबू पाया जा सकता है।



अलेवा। खंड महिला एवं बाल विकास कार्यालय अलेवा में आयोजित शिविर में आंगनवाड़ी वर्करों को संबोधित करती सुपरवाइजर राजबाला। फोटो :हरिभूमि

### वर्कर्स को उन्मुखीकरण मॉड्यूल योजना की दी ट्रेनिंग

अलेवा। खंड महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अलेवा में मंगलवार को आंगनवाड़ी वर्कर को उन्मुखीकरण मॉड्यूल यानि आइवाइसीएफ योजना की ट्रेनिंग देने के लिए एक शिविर का आयोजन किया। अध्यक्षता विभाग की सुपरवाइजर राजबाला ने की तथा मुख्य तौर पर खंड महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी रामरति ने हिस्सा लिया। सीडीपीओ द्वारा आंगनवाड़ी वर्कर को ट्रेनिंग में शिशु एवं बच्चों की आहार पूर्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जन्म के तुरंत बाद स्तनपान की शुरूआत, स्तनपान कराने की स्थिति एवं जुड़ाव बच्चों को ऊपरी आहार की शुरूआत करने आदि बिंदूओं पर विस्तार से समझाया गया। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा शिशु एवं बच्चों की आहार पूर्ति के बारे में चलाई योजना का सभी शिशुओं व बच्चों का लाभ दिलाने व स्वस्थ ठीक रखवाने का दायित्व वर्कर के अलावा सभी कर्मचारियों का बनता है। सभी वर्कर को इस योजना के तहत दी गई ट्रेनिंग के तहत कार्य करना है। सुपरवाइजर मीना देवी, सरोजबाला के अलावा आंगनबाड़ी वर्कर सुदेश, विद्या आदि उपस्थित थी।

## बैसाख अमावस्या पर पितृ तर्पण का विशेष महत्व

# अमावस्या पर श्रद्धालु आज लगाएंगे श्रद्धा की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू धर्म में अमावस्या की तिथि का विशेष महत्व है। हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि के अगले दिन अमावस्या तिथि पड़ती है। इस तिथि पर पितरों की पूजा करने के विधान है। साथ ही पितरों का तर्पण और श्राद्ध भी किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार ऐसा करने से पितर सुख व समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस बार वैशाख माह की अमावस्या आठ मई को है। पंचांग के अनुसार वैशाख के माह कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि सात मई मंगलवार को सुबह 11 बजकर 40 मिनट से होगी और इसका समापन आठ मई को सुबह आठ बज कर 51 मिनट पर होगा। ऐसे में वैशाख अमावस्या आठ मई को मनाई जाएगी।

**पिंडारा तीर्थ में आज लगेगी श्रद्धा की डुबकी:** पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर बुधवार को बैसाख अमावस्या पर श्रद्धालु सरोवर में स्नान, पिंडदान करके करके तर्पण करेंगे। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार ऐसा करने से पितर सुख व समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस बार वैशाख माह की अमावस्या आठ मई को है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है।

### पितरों को खुश करने के लिए विशेष फलदायी



जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। अमावस्या के दिन पितरों को जल अवश्य अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने से पितरों का आशीर्वाद हमारे जीवन पर बना रहता है। इस दिन पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। बैसाख अमावस्या के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें और दिन की शुरुआत देवी, देवता के ध्यान से करें। इसके बाद पवित्र नदी या फिर घर में स्नान करें। इसके बाद सूर्य देव को जल अर्पित करें। पितरों का तर्पण करें। इसके अलावा पितरों की आत्मा की शांति के लिए व्रत भी रखें और मंत्रो का जाप करें। अंत में अपनी श्रद्धा अनुसार विशेष चीजों का गरीबों को दान करें।

**खबर संक्षेप**

### दो मामलों में दो आरोपित पकड़े

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में पुलिस द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा आरोपी बंदराना निवासी नरेश को काबू किया गया। जो आरोपी नरेश पर वर्ष 2015 दौरान लापरवाही से कैंटर को चलाकर एक्सीडेंट करके एक बाइक चालक को टक्कर मारने का आरोपी है।

### सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है : संजय

**पूंडरी।** आप पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि मोदी को इस बार 400 पार नहीं, तड़ीपार कर दो। संजय सिंह गांव टयोंठा में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है। देश को दोबारा गुलामी की तरफ ले जा रही है और खुद ही तानाशाही तरीके से शासन करना चाहते है। उनके खिलाफ आवाज उठाने वालों को या तो झेल भेज रहे है या फिर ईडी व सीबीआई के छापे मरवा रहे है। उन्हें नहीं पता ये प्रजातंत्र है।

### नेकी का घर संस्था का रक्तदान शिविर आज

**गुहला-चीका।** शहर की प्रमुख समाजसेवी संस्था नेकी का घर व गुहला बार एसो.द्वारा रक्तदान कैंप का आयोजन होगा। प्रधान विक्की हांडा ने बताया कि विश्व रेडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में लगाए जा रहे बार के पूर्व प्रधान स्वर्गीय बलदेव पूनिया व अन्य वरिष्ठ एडवोकेट स्वर्गीय राय सिंह को श्रद्धांजली भी अर्पित की जाएगी। लोगों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें।

### लोकतंत्र में हर वोट का महत्व : प्रशांत पंवार

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा है कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई गई है और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैंप और परिवहन की सुविधा शामिल है।

### आयोग के दिशा-निदेशों का करें पालनः प्रशांत

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना (डूज एंड डोंट्स) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों द्वारा इन दिशा निदेर्शों की अनुपालना करनी अनिवार्य व आवश्यक है। कहा कि चुनाव के दौरान, अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण विवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए।

### तूड़ी के दो कूप एक बिटोड़ा जलकर राख

**राजौंद।** राजौंद खंड के गांव नीमवाला में वाटर सप्लाई के नजदीक तूड़ी के दो कूप एक बिटोड़ा जलकर राख हो गया। ग्रामीण दलबीर प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया की हमें तो अचानक तूड़ी के कूपों में आग लगने बारे गांव के लोग सूचना दी तो हम मौके पर पहुंचे तो आसपास के लोगों ने वाटर सप्लाई से पानी लाकर आग बुझाने में सहयोग किया परंतु आग पर काबू नहीं पाया गया। गांव के सरपंच ने मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलाया जिससे आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि अगर मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंचती तो गांव में काफी नुकसान हो सकता था।

## स्टेट कोर्डिनेटर ने दिए जरूरी निर्देश

# अधिकारी व कर्मचारी लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए करें कड़े प्रयासः जीएल सिंघल

- जहां लिंगानुपात कम हैं, उन क्षेत्रों में की जाए विशेष मोनिटरिंग
- पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत हर एक मेडिकल स्टोर का नियमित रूप से करें निरीक्षण


**कैथल।** कोर्डिनेटर जीएल सिंघल अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

स्टेट कोर्डिनेटर जीएल सिंघल ने कहा कि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी लिगांनुपात में सुधार लाने के लिए कड़े प्रयास करें। सभी ब्लॉक सीडीपीओ और सुपरवाईजर उन गांवों के सरपंचों से कोर्डिनेट करें, जिन गांवों का लिंगानुपात कम है। यदि कोई अधिकारी व कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरतेगा तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्टेट कोर्डिनेटर जीएल सिंघल मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में लिंगानुपात के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक के दौरान दिशा-निर्देश दे रहे थे। कहा कि एमटीपी किट के इस्तेमाल पर पूर्ण पांबदी लगाएं। कोई भी लिंग जांच करता हुआ पाया जाता है तो उसकी सूचना विभाग को दे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार ब्लॉक चीका शहरी, पूण्डरी शहरी, कांगथली पीएचसी, बात्ता पीएचसी, कलायत सीएससी, ढांड पीएचसी, हाबड़ी पीएचसी, पाई पीएचसी, क्योड़क पीएचसी, मुंदड़ी पीएचसी, सीवन पीएचसी, क्योड़क पीएचसी, करोड़ा, किठाना, हरसौला, सजूमा, चदांना, मुदंडी, प्योदा के गावों में लिगांनुपात कम पाया गया। इस क्षेत्रों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। यहां पर जागरूकता अभियान चलाकर लिंगानुपात में सुधार लाएं। समय-समय पर छापेमारी कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने कहा कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत हर एक मैडिकल स्टोर का नियमित रूप से निरीक्षण करें। मैडिकल स्टोर पर मौजूद दवाई अच्छी तरह से चैक करे। उनकी एक्सपायरी डेट को ध्यानपूर्वक देखें। यदि कोई मैडिकल स्टोर मालिक मैडिसिन दिखाने में आना-कानी करें तो उसकी सूचना विभाग को दें। जिले मे गर्भवती माताओं का डाटा पूर्ण रूप से ट्रैक करें । नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने भी संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गांव में आंगनाडी वर्करों, एएनएम, आशा वर्कर तालमेल करते लिंगानुपात मे सुधार किया जाए। ग्रामवासियों को लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी मनीषा गागट, डॉ. गौरव पुनिया, जोगिन्द्र सिंह, रमन, महेश, सुशील, शशि बाला, गुरजीत कौर आदि मौजूद रहे।

## दस को मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


बैठक में भाग लेते हुए ब्रह्माण्ण समाज कल्याण समिति के सदस्य।

पूंडरी में धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव। जानकारी प्रदान करते हुए ब्रह्माण्ण समाज कल्याण समिति पूंडरी के प्रधान मास्टर अशवनी कौशिक ने बताया कि भगवान परशुराम केवल ब्रह्माण्ण समाज के भगवान न होकर बल्कि पूरी 36 बिरादरी के भगवान है। उनका जन्मोत्सव हर साल की तरह इस बार भी बडी धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ईष्ट देव भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 10 मई को पूंडरी परशुराम सदन में मनाया जाएगा। प्रधान ने बताया कि कार्यक्त्रम की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। कौशिक ने बताया कि 10 मई को सुबह 10 बजे दीप प्र'जवलित किया जाएगा ओर 11 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्त्रम में बतौर मुख्यातिथि हल्का विधायक रणधीर सिंह गोलन शिरकत करेंगे। कोषाध्यक्ष बिशनदत्त, महासचिव प्रमोद शर्मा, प्रबंधक अशवनी कौशिक, रमेश आदि मौजूद रहे।

## ईवीएम- वीवीपीएटी के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



लोकसभा 2024 के आम चुनावों को ध्यान में रखते, नागरिकों को मतदान प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव देने के लिए वॉकथॉन, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के आयोजन पर एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता कार्यक्रम चल रहा है। मशीनों से स्वयं को परिचित कराएं। जिला प्रशासन के सहयोग से आरकेएसडी कॉलेज, में कॉलेज के स्टाफ और छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए । एसओपी में टी एंड ए ईवीएम की हैंडलिंग और भंडारण के लिए प्रोटोकॉल, डमी प्रतीकों के साथ केवल एफएलसी-ओके ईवीएम का उपयोग, प्रशिक्षण और जागरूकता के दौरान उत्पन्न वीवीपीएटी पर्चियों को नष्ट करना आदि शामिल हैं।

### पुलिस ने यातायात नियमों प्रति किया जागरूक

**कैथल।** यातायात नियमो की पालना ना करने और लापरवाही की वजह से सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में प्रति वर्ष बढ़ोतरी हो रही है। एसपी उपासना के निदेर्शानुसार कैथल पुलिस द्वारा आमजन को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत थाना प्रबंधक यातायात सबइंस्पेक्टर रमेश कुमार की टीम द्वारा टैक्सी स्टैंड कैथल पर गाड़ी चालको तथा बस स्टैंड कैथल पर ऑटो चालकों को ट्रैफिक रूल की पालना करने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने चालकों को बताया कि ऑवर स्पीड में वाहन चलाना तथा वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग कई बार सडक दुर्घटना का कारण बन जाते है, जिसके बारे में चालको को सजग रहना चाहिए। कार व हल्के वाहन चालकों को सीट बैल्ट का प्रयोग करने की सलाह देते हुए अपनी लेन में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। सड़क दुर्घटनाओं में गिरावट दर्ज करने के लिए थाना प्रबंधक ने मौजूद लोगों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार के नशे की हालत में कभी वाहन न चलाएं।

## रेडक्रॉस स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता की प्रतीक : ओम प्रकाश

- गुहला शिक्षा खंड के सभी स्कूलों में आज विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका


**गुहला-चीका।** स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए अध्यापक गण।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता की प्रतीक है जो विद्यार्थियों में इस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने के अवसर पैदा करती है। यह विचार खंड शिक्षा अधिकारी गुहला ओमप्रकाश ने अध्यापकों को संबोधित करते कहे। ओमप्रकाश ने कहा कि 8 मई को रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी दूना के जन्मदिन को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि गुहला शिक्षा खंड के सभी विद्यालयों में आज विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाएगा। बीईओ ओम प्रकाश ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी जाएगी और उन्हें सेवा भाव के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला जूनियर रेड क्रॉस संयोजक, प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी आकस्मिक घायलों एवं पीड़ितों की प्राथमिक चिकित्सा के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों की सेवा में चार कदम आगे रहती है। झींजर ने कहा कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थी एवं अध्यापक रेड क्रॉस ध्वजारोहण व जेआरसी शपथ लेंगे और स्कूल जूनियर रेड क्रॉस अध्यापक द्वारा हरियाणा रेड क्रॉस की अभूतपूर्व गतिविधियों की जानकारी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को दी जाएगी। झींजर ने स्कूली विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि जीवन का पहला सुख निरोगी काया है जिसको कायम रखना जानकारी के अभाव में आज के समय बड़ा मुश्किल है। हरिगढ़ किंगन स्कूल में विद्यार्थियों को बहुमूल्य जानकारी दी।

## प्रदेश सरकार किसान-मजदूर व आढ़ती विरोधी : सुरजेवाला

**कैथल।** हरियाणा की भाजपा सरकार ने किसानों को खून के आंसू रुलाने का काम किया है। फसल की खरीद हो या फसल के बीज के लिए मांग किसान को हर तरह से भाजपा सरकार द्वारा प्रताड़ित व उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कैथल से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए हरियाणा की भाजपा सरकार पर हमला बोला। सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी व सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसान, मजदूर व आढ़ती के प्रति इतनी क्रूर व निर्दयी बन चुकी है कि मंडियो में किसानों, मजदूर व आढ़ती के साथ वादाखिलाफी करने के बाद अब किसानों को धान के बीज से वंचित किया जा रहा है। किसान, महिलाएं व युवा 41डिग्री के तापमान में, गला सुखाने व सिर में दर्द करने वाली हीट वेव का प्रकोप में घंटों लाइनों में लगा रहता है उसके बाद भी उन्हें पीआर धान का बीज नसीब नहीं हो रहा है लेकिन भाजपा सरकार को किसानो महिलाओं व युवाओं के हितों से कोई सरोकार नहीं है। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही देखिए कि पुलिस के पहरे के बीच एक किसान को आधार कार्ड दिखाने पर बीज की 3 किलो की एक थैली ही दी जा रही है।

## गोल्ड लाइफ स्कूल में अलंकरण इन्वेस्टीचर समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



**राजौंद।** स्कूल प्रधानाचार्य विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

गोल्ड लाइफ स्कूल में अलंकरण इन्वेस्टीचर समारोह का आयोजन किया। समारोह की शुरूआत स्कूल प्रिंसिपल यशपाल राणा द्वारा की गई। बताया की गोल्ड लाइफ स्कूल हर वर्ष इस तरह के समारोह आयोजित करके योग्य छात्र छात्राओं को चयनित करता है ताकि स्कूल में अनुशासन और नैतिकता जैसी मूल्यवान चीजों को बढ़ावा मिलता रहे। इस दौरान समारोह में कक्षा 1 से 12 वीं कक्षा तक के बच्चों में सत्र 2024-25 के लिए उनकी योग्यता को देखते हुए मॉनिटर व वाईस मॉनिटर का चयन किया गया। इन पदों में स्कूल हेड ब्वाय, स्कूल हेड गर्ल हॉउस कैप्टन और मॉनिटर व अन्य शामिल रहे। इस समारोह से 2 दिन पहले स्कूल हेड ब्वाय और स्कूल हेड गर्ल के लिए स्कूल प्रिंसिपल व टीचरों द्वारा वोटिंग की गई थी। जिसमें स्कूल हेड ब्वाय प्रिंस,वाईस हेड ब्वाय बिरमपाल,स्कूल हेड गर्ल खुशी और वाईस हेड गर्ल दिव्या चयनित हुए। समारोह में स्कूल में बनाये गए चारों हाउसों अलबर्ट आइंस्टीन, स्टिफन हौकिंग, गैलेलीयो गैलिली और आइजेक न्यूटन का पुनर्गठन किया गया।

## ध्रुव पब्लिक स्कूल के आदित्य ने जीता गोल्ड

- फरीदाबाद में राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल प्राचार्या प्रवीण ढीलो।

23 वी हरियाणा राज्य स्तरीय किक - बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 5 मई तक फरीदाबाद सेक्टर 12 के खेल स्टेडियम में हुआ। प्रदेश भर से 17 जिलों की टीमों ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया । ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर के पांच खिलाड़ियों ने किक - बॉक्सिंग टीम में भाग लेकर जिले का गौरव बढ़ाया। जिसमें जूनियर कैटिगरी 60 किलो भार वर्ग में आदित्य सैनी ने गोल्ड मेडल हासिल कर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह निश्चित की। इसी कैटेगरी के 32 किलो भार वर्ग में केशव कौशिक में रजत पदक जीता । सब जूनियर कैटेगरी के 32 किलोग्राम भार वर्ग में मनित सैनी ने कास्य पदक हासिल किया । इसी कैटिगरी के 42 किलो भार वर्ग में कास्य पदक प्राप्त किया और 37 किलोग्राम भार वर्ग में अभिराज ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्राचार्या प्रवीण ढीलो ने प्रातः कालीन सभा में सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनकर व सभी को सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया।

## जाट महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


करियर काउसलिंग शिविर के दौरान जाट स्कूल के विद्यार्थी तथा स्टाफ सदस्य

जाट महाविद्यालय में 12 वीं कक्षा के छात्रों के लिए जाट शिक्षा समिति के प्रशासक चंद्रशेखर सहारन के मार्गदर्शन के अंतर्गत करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया। प्रोग्राम के मुख्य वक्ता सूरजमल लालर रिटायर्ड एजुकेशनिस्ट, समाज सुधारक थे। उन्होंने बच्चों को अपने वक्तव्य में शिक्षा का अर्थ, जीवन में समायोजन का महत्व और नई तकनीकी के उपयोग के बारे में बताया। सेमिनार की अध्यक्षता जाट कॉलेज कैथल की प्राचार्या डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने की। प्राचार्या जी ने 12 वीं के बाद कॉमर्स ,साइंस और आर्ट्स के छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में करियर के विकल्प बताए । छात्रों को बेहतर तरीके से नई शिक्षा नीति के बारे में मार्गदर्शन किया। ये मार्गदर्शन विद्यार्थियों को उनकी रुचि, कौशल एवं क्षमता के अनुसार लक्ष्य निर्धारण करने व प्राप्ति में सहायक होगा। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति वैज्ञानिक अब्दुल कलाम के उदाहरण देकर बच्चों को प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि बी. ए., बीकॉम, बी. एस. सी . कंप्यूटर साइंस, बी.एस.सी. नॉन मेडिकल, बी. एस. सी.स्पोर्ट्स, एम. ए. इतिहास आदि कोर्स पहले से ही कॉलेज में चल रहे हैं।

## पानी निकासी-सफाई पर फोकस रखने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत


विकास कार्यों का निरीक्षण करते पालिका अभियंता अशोक कुमार।

कलायत में विभिन्न निर्माण विकास योजनाओं में पारदर्शिता और गतिशीलता को लेकर प्रशासन खुद निगरानी के विंग को सुदृढ़ किए है। इसके तहत नगर पालिका प्रशासन की टीम ने मंगलवार को शहर के विभिन्न वार्डों में लोकसभा चुनाव आचार संहिता से पहले जारी करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को कसौटी पर परखा। नगर पालिका अभियंता अशोक कुमार की अगुवाई में तकनीकी टीम निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी के साथ-साथ जन समस्याओं पर प्रशासन की नजर है। इस दौरान विक्रम सिंह, महीपाल सिंह, राजेश कुमार, जस्सी राणा, विनोद कुमार और दूसरे लोगों ने गलियों के निर्माण-पानी निकासी को लेकर कुछ समस्याएं रखी। उन्होंने कहा कि गलियों का निर्माण करते पानी निकासी के पहलु का मुख्य रूप से ध्यान रखा जाए। अकसर इस आड़ में निकासी के मुहाने बाधित हो जाते हैं। जिसके चलते विकास कार्यों का उम्मीद के अनुरूप लाभ नहीं मिल पाता। इस पर पालिका अभियंता अशोक कुमार ने कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान व दूसरे कर्मियों को विकास के साथ-साथ जन समस्या के निवारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ स्वच्छता अहम विषय है। इसलिए किसी भी स्तर पर ऐसा कार्य न हो जिससे स्वच्छता या पानी निकासी जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हों।

**सूचना**

मैं, विजय पुत्र श्री कुलदीप निवासी गांव दुर्जनपुर तह. उचाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम विजय से बदलकर विजय सहरावत रख लिया है। भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों के लिए विजय की बजाय विजय सहरावत के नाम से जाना जाए।

**PUBLICATION**

THE COURT OF MRS. NEELAM KASHYAP, PRESIDENT, DISTRICT CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION, KAITHAL (HARYANA).

Complaint Case No.273 of 2023
Date of Instt : 23.10.2023
Next date of Hearing: 06.06.2024

Smt. Nirmala Devi W/o Shamsher Singh r/o Near Gugamarhi, Subhash Nagar, Salempur, Guhla Distt. Kaithal. ...Complainant

Versus

1. SBI Life Insurance Company through its Authorized Signatory having registered office at Natraj, MV Road & Western Express Highway Junction, Andheri (East) Mumbai.
2. SBI Life Insurance Company through its Manager SCO no.321, Sector 20 HUDA Kaithal.
3. Satnam Singh S/o Krishan Lal C/o SBI Life Insurance Company SCO No.321, Sector 20 HUDA Kaithal (70157-14506) ...Respondents

CONSUMER PROTECTION ACT, 1986(amended U/s 35 of C.P. Act, 2019)

Whereas Smt. Nirmala Devi has filed complaint in representative capacity through Sh. Sudeep Malik, Adv. has requested for service of notice to the respondent No.3 as shown in the title through Publication (Newspaper), So respondent No. 3 is hereby directed to be served with this notice of Publication to appear in this Commission on 06.06.2024 at 10 a.m., personally or through advocate, otherwise proceedings will be initiated as per law.

Given under my hand and the seal of the court on this 3rd day of May, 2024.

Sd/- District Consumer Disputes, Redressal Commission, Kaithal

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के शिक्षण संस्थान होंगे हरियालीयुक्त

# शिक्षण संस्थाओं में खाली भूमि पर लगाएं जाएंगें पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


एचएसजीएमसी एजुकेशन सब कमेटी की चेयरपर्सन बीबी राणा कौर भट्टी का स्वागत करती प्रिंसीपल अमरजीत कौर।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के शिक्षण संस्थानों को हरियालीयुकत बनाने के लिए खाली भूमि पर पौधें लगाएं जाएंगे। संस्था के स्कूल/कॉलेजों में शिक्षा स्तर को ऊपर उठाने के लिए जरुरी कदम उठाए जाएंगें। ये विचार हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की मैंबर एवं शिक्षा सब कमेटी की चेयरपर्सन बीबी राणा कौर भट्टी ने प्रकट किए। वे गुरु तेग बहादुर खालसा स्कूल में स्टाफ की मीटिंग ले रही थी। कहा कि कमेटी अपने अधीन शिक्षण संस्थानों की काया कल्प करेगी। इस ओर पहला कदम बढ़ाते संस्था द्वारा सबसे पहले शिक्षा का स्तर पहले से बेहतर किया जाएगा। शिक्षा का ग्राफ ऊपर उठाने एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इनमें प्रश्नोत्तरी एवं खेलकूद प्रतिस्पार्धाएं शामिल होंगी। इस दौरान कॉलेज की प्रिंसीपल अमरजीत कौर मान ने बीबी राणा कौर भट्टी, मैंबर साहब सिंह को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मौके पर हरियाणा कमेटी के उप सचिव सतपाल सिंह, सहायक सुपरवाईजर हरदयाल सिंह सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। कॉलेज स्टाफ की मीटिंग लेते हुए चेयरपर्सन ने शिक्षण संस्थान के अधूरे पड़े कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अब तक हुए कार्यों के बारे में भी जाना। उन्होंने स्टाफ के सुझाव भी मांगे और उन पर अमल करने का आश्वासन दिया।

### नेत्रहीन मतदाताओं लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में होगी जारी

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा है कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई गई है और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैंप और परिवहन की सुविधा शामिल है।

## खबर संक्षेप

### गांव चंदलाना में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव चंदलाना निवासी मेवा राम की शिकायत पर गांव के ही अजय के विरुद्ध ढांड थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि चार मई को आरोपित ने उसके भाई सेवा राम का रास्ता रोक कर मारपीट की। उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी एएसआइ सतपाल ने बताया केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फ्रेंड्स कॉलोनी से चोरों ने मोबाइल चुराया

**कैथल।** फ्रेंड्स कालोनी निवासी नवनीत ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि एक मई को शाम के समय वह जिला अदालत के पीछे वाले मैदान में खेलने के लिए गया था। खेलते समय उसने अपना फोन निकाल कर रख दिया था। कुछ देर बाद उसका फोन चोरी हुआ मिला। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जगभान ने बताया केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मां बनभौरी मंदिर में जागरण 15 को

**गुहला-चीका।** शहर के मां बनभौरी मंदिर में 15 मई को विशाल जागरण का आयोजन करवाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए मां के एक भगत प्रवीण कुमार ने बताया कि इस बार जागरण में 7 वर्ष की एक छोटी कन्या दीप प्रज्वलित करेगी।

### बढ़सीकरी कलां में मुफ्त स्वास्थ्य कैंप आयोजित

**कलायत।** कलायत के गांव बढ़सीकरी कलां स्थित भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय में सेहत चौपाल आयुष्मान भारत के अंतर्गत मुफ्त स्वास्थ्य कैंप आयोजित हुआ। डा.बी.आर अंबेडकर युवा मंच के तत्वाधान में कैथल के एक निजी अस्पताल द्वारा लगाए गए।

### भाजपा हराओ देश बचाओ अभियान जारी

**नरवाना।** मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चे की टीम ने भाजपा और उसके सहयोगियों को हराओ देश बचाओ अभियान कालवन, धमतान, लोन और धरोदी में जारी रखा। इस दौरान गांव-गांव के घर-घर पर्चे बांटते हुए और भाजपा और उसके सहयोगियों को हराना क्यों जरूरी है इस पर डिम्पल दनोदा ने लोगों से बात करते हुए बताया कि वायदे क्या किए थे और काम क्या-क्या किए गए।

## वर्ल्ड थैलेसीमिया दिवस पर विशेष

# जिले में कुल 30 थैलेसीमिया से ग्रस्त मरीज, बच्चे भी शामिल

- थैलेसीमिया मरीजों के लिए जींद अस्पताल में नहीं फैरीटिन टेस्ट की सुविधा
- ब्लड सेप्रेशन मशीन शुरू होने से अब थैलेसीमिया मरीजों को नहीं जाना पड़ रहा रोहतक या खानपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। थैलेसीमिया बीमारी से ग्रस्त बच्चे को नागरिक अस्पताल में रक्त चढ़ाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हर वर्ष लोगों को थैलेसीमिया बीमारी को लेकर जागरूक करने के लिए आठ मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस के तौर पर मनाया जाता है। जींद में इस बीमारी से ग्रसित कुल 30 लोग हैं। जिनमें बच्चे भी शामिल है। आमतौर पर हर सामान्य व्यक्ति के शरीर में लाल रक्त कणों की उम्र करीब 120 दिनों की होती है लेकिन थैलेसीमिया से पीड़ित रोगी के शरीर में लाल रक्त कणों की उम्र घट कर 20 दिन रह जाती है। जिसका सीधा असर व्यक्ति के हीमोग्लोबिन पर पड़ता है। जिसके कम होने पर व्यक्ति एनीमिया का शिकार हो जाता है तथा हर समय किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त रहने लगता है। थैलेसीमिया ख़ून से संबंधित एक आनुवंशिक बीमारी है। इस बीमारी में इलाज किस प्रकार किया जाएगा, यह इस बीमारी की गंभीरता पर निर्भर करता हैं। मेजर थैलेसीमिया मरीजों को कम उम्र में डायग्नोसिस किया जाता है, उन्हें आजीवन ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है। इस वजह से उनके जीवन जीने की उम्र कम हो जाती है। जबकि माइनर थैलेसीमिया मरीजों मे केवल एनीमिक स्थिति नजर आती है। जींद की बात यहां कुल 30 थैलेसीमिया बीमारी से ग्रसित मरीज हैं। जिन्हें जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल से समय-समय पर रक्त की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। जो थैलेसीमिका से ग्रस्त हैं उन्हें अपने जीवन की रक्षा हेतु हर 15वें दिन पीआरबी सी (पैक्ड रेड ब्लड सेल) ब्लड चढ़वाना पड़ता है। यदि समय पर यह ब्लड कम्पोनेंट ना चढ़ाया जाए तो इन रोगियों की जान को खतरा बन जाता है। हालांकि पहले नागरिक अस्पताल में पीआरबीसी ब्लड की यह सुविधा उपलब्ध नही थी लेकिन अब यहां पीआरबीसी ब्लड की सुविधा का प्रारंभ नागरिक अस्पताल में की जा चुकी है। जिससे थैलेसीमिया रोगियों को अपने प्राणों की रक्षा के लिए रोहतक पीजीआई या खानपुर मेडिकल कालेज के चक्कर नही काटने पड़ रहे हैं।

### थैलेसीमिया की पहचान

हिमोफीलिया सोसायटी जींद से आशुतोष शर्मा ने बताया कि थैलेसीमिया असामान्य हीमोग्लोबिन और रेड ब्लड सेल्स के उत्पादन से जुड़ा एक ब्लड डिसऑर्डर है। इस बीमारी में रोगी के शरीर में रेड ब्लड सेल्स कम होने लगते हैं। हर समय कमजोरी, थकावट महसूस करना, पेट में सूजन, डार्क यूरिन, त्वचा का रंग पीला पड़ सकता है।

### थैलेसीमिया मरीजों को फैरीटिन टेस्ट की सुविधा नहीं

जींद में थैलेसीमिया के मरीजों के लिए फैरीटिन टैस्ट की सुविधा उपलब्ध नही है। फेरिटिन टेस्ट शरीर में फेरिटिन के स्तर को मापने वाला एक रक्त परीक्षण है। फेरिटिन एक प्रोटीन है, जिसमें आयरन होता है और यह शरीर में आयरन के भंडारण और इस्तेमाल को नियंत्रित करता है। फेरिटिन टेस्ट से शरीर में आयरन के भंडार का पता चलता है और लौह संचय क्षमता का आंकलन होता है। इससे थैलेसीमिया जैसी स्थितियों के निदान और इलाज में मदद करती है। हिमोफीलिया सोसायटी जींद से आशुतोष शर्मा ने कहा कि यदि इस टैस्ट की सुविधा भी जींद में उपलब्ध हो जाए तो यह थैलेसीमिया रोगियों के लिए काफी कारगर साबित होगा।

### समय पर रक्त उपलब्ध करवाया जा रहा : डॉ. शिप्रा

नागरिक अस्पताल की ब्लड बैंक इंचार्ज डा. शिप्रा ने बताया कि थैलेसीमिया का इलाज ब्लड ट्रांसफ्यूजन, केलेशन थेरेपी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट का विकल्प है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट महंगा है। इसके लिए डोनर का एचएलए मिलना भी जरूरी है। अधिकांश मरीज ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर जीवित हैं। अस्पताल में थैलेसीमिया प्रभावित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाया जा रहा है।



## आज विश्व पटल पर भारत का नाम लिया जाता है शान से : नायब सैनी

**जींद।** सीएम नायब सैनी ने कहा कि आज विश्व पटल पर भारत का नाम शान के साथ लिया जाता है। वो दिन दूर नहीं है जब देश फिर से विश्वगुरु कहलाएगा। सीएम मंगलवार को सोनीपत से लोकसभा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के समर्थन में बरोदा में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम नायब सैनी का भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली, पार्टी कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के कई सरपंचों ने स्वागत किया। सैनी समाज ने सीएम को गदा तो व्यापार मंडल ने हल भेंट किया। रैली के दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने भारत को अंदरूनी ही नहीं बल्कि वैश्विक रूप से भी मजबूत किया है। इस मौके पर विधायक निर्मल चौधरी, पूर्व मंत्री कविता जैन, योगेश्वर दत्त, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, विजेंद्र भल्ला, विकास जैन, राजू विरमानी, अजीत जैन, विनोद जैन आदि मौजूद रहे।

## रणबीर गंगवा ने कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश को बताया थाप्पी मार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

मंगलवार दोपहर बाद शहर के 40 फूटा रोड पर स्थित भाजपा कार्यालय में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा पहुंचे। रणबीर गंगवा ने कांग्रेस, इनेलो पर जमकर निशाना साधा। गंगवा ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश तो थाप्पीमार के नाम से मशहूर है। वह किसी अफसर को फोन करते थे। यह कहकर वह कर देंगे लेकिन टेलीफोन की तार निकली होती थी। इसलिए उसके बाद वहां की जनता ने उनको जिताया नहीं इस बार वो बुरे तरीके से हारेंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश, प्रदेश में नरेंद्र मोदी की लहर है। रणजीत चौटाला उचाना से भारी मतों से जीतेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश का गौरव बढ़ाने का काम किया है। पूरे देश के आदमी आज नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रहे हैं। पिछली बार जो सांसद थे उनका अपना कोई वोट बैंक नहीं था। वह नरेंद्र मोदी के नाम से जीते थे। चौ. देवीलाल ने गरीबों का साथ दिया कल्याणकारी नीति बनाई।



## पुलिस पर्यवेक्षक डॉ. रवि ने किया स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्रों का दौरा

**कैथल।** पुलिस पर्यवेक्षक डॉ. रवि ने मंगलवार को जिला कैथल की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाये गये स्ट्रोंग रूम एवं मतगणना केंद्रों का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ डीसी प्रशांत पंवार व एसपी उपासना भी मौजूद रही। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को मतगणना केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि स्ट्रोंग रूम में तैनात गार्द अलर्ट रहें और ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। यदि कोई भी अधिकारी स्ट्रोंग रूम व मतगणना केंद्रों का दौरा करें तो उसकी एंट्री लॉग बुक में की जानकी सुनिश्चित करें। मोनिटरिंग रूम सहित सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अन्य सभी मानकों व पहलुओं का निरीक्षण किया। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि जिला की चारों विधानसभाएं लोकसभा कुरुक्षेत्र के अंतर्गत आती हैं।

## चौधरी रणबीर सिंह विवि में चतुर्थ दीक्षांत समारोह 27 मई को

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षांत समारोह 27 मई को आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय मुख्यअतिथि होंगे और सत्र 2021-2023 के 740 छात्र व छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि बैठक में दीक्षांत समारोह से सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और इस दीक्षांत समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# संदिग्ध वाहनों पर एफएसटी-एसएसटी की नजर

- जिला में एफएसटी व एसएसटी टीमें करें नियमित मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। वाहनों की जांच करते हुए टीमें। फोटो : हरिभूमि

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्णए निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने को लेकर एफएसटी और एसएसटी टीमें संदिग्ध वाहनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वाहनों की तलाशी के लिए जिला में 18 जगहों पर नाके लगाए गए है। किसी वाहन में जांच प्रक्रिया के दौरान मादक पदार्थए शराबए नकदी इत्यादि पाई जाती है तो वाहन को इंपाउंड व संबंधित चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एफएसटी और एसएसटी टीमों को निर्देश दिए कि वे अपनी डयूटी को पूरी कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करें। अगर कोई अधिकारी एवं कर्मचारी डयूटी के दौरान किसी भी लापरवाही करता है तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा है कि चुनाव के दौरान पैसों के लेनदेन से मतदाताओं को लुभानेए प्रभावित करने की आशंका बनी रहती है जोकि आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लघंना है। चुनाव को पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जिला में 18 जगहों पर नाके लगाए गए हैं। जिला में एफएसटी की 15 टीमें व एसएसटी की 36 टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के पास उसके वाहन में 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी है तो उसके बारे में उसको पूरा विवरण देना होगा। यदि वाहन चालक नकदी के बारे में सही जानकारी नहीं दे पाता है तो संबंधित टीमों द्वारा नकदी को जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि व्यक्ति पचास हजार से दस लाख तक बिना आथोरिटी के पैसों को नहीं ले जा सकता है।अगर व्यक्ति के पास आथोरिटी नहीं होगी तो एफएसटी व एसएसटी टीम द्वारा कार्रवाई की जाएगी।




## ठोस आश्वासन उपरांत ही उठाया जाएगा धरना: राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हटाओ कालेज बनाओ को लेकर चल रहे धरने के 103 वे दिन समिति का कॉलेज को लेके संघर्ष जारी रहा। धरना समिति के पदाधिकारीयों ने सरकार के कई नेताओं से मिलने का प्रस्ताव भेजा है। समिति प्रधान राकेश राणा ने बताया की समिति पदाधिकारीयो के साथ विचार विमर्श कर भाजपा नेताओ से मिलने का फैसला किया गया है। इस प्रकार समिति के पदाधिकारीयों ने सोहार्द पूर्ण तरीके से भाजपा नेताओ से बातचीत की। भाजपा नेताओ ने आश्वासन दिलवाया की आपके लड़कियों के कालेज की मांग जायज है और कालेज का निर्माण बस स्टैंड के सामने पीडब्ल्यूडी उसकी जमीन में ही निर्माण करवाया जाएगा आचार संहिता के कारण तुरंत बनाना सम्भव नहीं है। इस पर समिति पदाधिकारीयों ने कुछ सुझाव नेताओं को दिए। भाजपा नेताओ ने कुछ ठोस करने का आश्वासन समिति को दिया जिसके लिए दो तीन दिन समय लिया गया साथ ही साथ सरकार धरना तुरंत उठाने का प्रस्ताव भी रखा गया। लेकिन समिति ने कहा कि जब तक उनके कहे अनुसार ठोस आश्वासन नहीं मिलता तब तक धरना नहीं उठाया जाएगा। राजौंद में भाजपा नेताओ की एंट्री बन्द रहेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

# नुक्कड़ सभाओं से मतदान का महत्व समझाया

- लोकतंत्र की सुरक्षा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान से संभव : राजा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


गुहला-चीका। मतदान के लिए प्रेरित करते हुए सुरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

लोकतंत्र की सच्ची परिभाषा हर व्यक्ति के निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान से शुरू होती है। यह विचार उप मंडल में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के तहत आम लोगों को जागरुक करते हुए सुपरवाइजर प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने दूसेरपुर, पीडल व थे नेवल गांवों में लोगों को कहे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत पंवार आईएएस के निर्देशन तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार एचसीएस के मार्गदर्शन में उप मंडल में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों को मतदान का महत्व समझाया जा रहा है तथा वर्ष की आयु के वरिष्ठ मतदाताओं को फूल माला पहनाकर सम्मानपूर्वक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस स्वीप कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश, सुपरवाइजर प्राध्यापक राजा सिंह झींजर व गुरजीत कौर सीडीपीओ की जिम्मेदारी लगाई गई है। गांव थेह नेवल में बुजुर्ग मतदाता दीपू को फूल माला व सूती सरोफे से सम्मान पूर्वक मतदान के लिए जागरूक करते हुए झींजर ने कहा कि बुजुर्ग समाज और राष्ट्र के वो आदर्श होते हैं जिनके जीवन के लंबा अनुभव से परिवार, समाज और राष्ट्र को मजबूती प्राप्त होती है। इस अवसर पर समाज सेवी प्राध्यापक सुरेंद्र कुमार ने बुजुर्ग को स्वच्छता थाली देकर निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान को प्रेरित किया। झींजर ने पीडल गांव की मतदाता सूची में सौ वर्ष से अधिक आयु हासिल कर चुकी सम्मानित बुजुर्ग सुनहरी को फूल माला पहनकर जागरूक किया। इस अवसर पर बीएलओ संतोष रानी, सुनहरी, अनिल कुमार, राजेश कुमार, मोहनलाल, मन्नू राम, धन सिंह, रामलाल, दया सिंह, सतनाम सिंह, सरदा आदि मौजूद रहे।

## स्कूल के कमरे में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

- फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


जींद। कमरे में लगी आग बुझाते हुए दमकल कर्मी। फोटो: हरिभूमि

शहर के राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना मंडी के कमरे में बिजली शार्ट सर्किट से आ लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल विभाग से पहुंची दो गाड़ियां पहुंची। स्कूल इंचार्ज राजेश मलिक ने बताया कि बिजली शार्ट सर्किट से आग लगी है। बिजली गई हुई थी। बिजली आते ही इंवर्टर, बैटरी रखी थी वहां शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। कमरे से धुआं उठता देख स्कूल में जो बच्चे थे उन्हें बाहर निकाल दिया गया था। जिस समय आग लगी उस समय कमरे में नहीं था। दमकम विभाग को सूचना देने के बाद फायर बिग्रेड की दो गाड़ी स्कूल में पहुंची।

## गुरु नहीं तो जीवन शुरू नहीं: अशोक शर्मा

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर में चल रहे भजन-कीर्तन में श्रद्धालुओं को मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि पानी के बिना नदी बेकार है, अतिथि के बिना आंगन बेकार है, स्नेह न हो तो सगे संबंधि बेकार है। पैसा न हो तो पॉकिट बेकार है और जीवन में सद्गुरू न हो तो जीवन बेकार है। जीवन में एक गुरू जरूरी है। गुरु नहीं तो जीवन शुरू नहीं सड़क पर चलते है तो पड़े पत्थर को हर कोई पैर से ठोकर मारता है। मगर वही पत्थर शिल्पी के हाथ में आ जाता है तो मूर्ति बन जाता है सद्गुरू शिल्पी है वे नर को नारायण बनाते है। गुरु कोई दावा नहीं करते है कि वे दुनिया को सुधार देंगे। अपनी तरफ से दुनिया को सच्चा मार्ग दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

### हिसार, रोहतक, करनाल, अंबाला, चंडीगढ़, सोनीपत और पंचकूला में चल रही

# यात्रियों ने की जींद डिपो में एसी बस चलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जींद डिपो पर खड़ी रोडवेज बसें। फोटो: हरिभूमि

यात्रियों ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जींद डिपो में एसी बस चलाने की मांग की है। यात्रियों का कहना है कि प्रदेश के हिसार, रोहतक, करनाल, अंबाला, चंडीगढ़, दिल्ली, सोनीपत व पंचकूला सहित अन्य डिपो में एसी बस चल रही हैं। जबकि इस समय गर्मी के मौसम में आम बसों में भीड़ ज्यादा होने के कारण यात्रियों को लू व भीड़ जैसी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि पिछली बार जींद डिपो की ओर से पांच एसी बसों की डिमांड मुख्यालय के पास भेजी गई थी। जबकि मुख्यालय ने डिपो से कम से कम दस रूट का प्लान एसी बस चलाने के लिए मांगा था। इसके चलते पिछली बार एसी बसों की बात सिरे नहीं चढ़ पाई थी। गौरतलब है कि पिछले साल अप्रैल माह की शुरूआत में मुख्यालय द्वारा नई बसें भेजनी शुरू की गई थी। जून माह में मुख्यालय द्वारा गर्मियों के मौसम को देखते हुए एसी बस चलाने की योजना बनाई थी। इसके चलते प्रदेश के विभिन्न डिपो से एसी बसों की डिमांड मांगी गई थी। जींद डिपो की ओर से पांच एसी बसों की डिमांड मुख्यालय के पास भेजी गई थीए जबकि मुख्यालय का कहना था कि डिपो द्वारा कम से कम दस रूट या इससे ज्यादा का प्लान तैयार किया जाएए जिन पर एसी बस चल सके।

जबकि जींद डिपो द्वारा पांच रूट पर ही बसों की डिमांड की गई थी। इसके चलते जींद डिपो में एसी बसों की सुविधा शुरू नहीं हो पाई है। जबकि जींद डिपो में इस समय 200 बस ऑनरूट हैं, जिनमें हर रोज लगभग 17 हजार यात्री सफर करते हैं। जिससे डिपो को लगभग 12 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है।

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि अगले लॉट में जींद डिपो को लगभग दस बसें मिलने की उम्मीद है। जो जल्द ही आने की संभावना है। पिछली बार डिपो द्वारा कम ऐसी बसों की डिमांड मुख्यालय के पास भेजी गई थी। जबकि मुख्यालय द्वारा एसी बस चलाने के लिए कम से कम दस रूट मांगे गए थे। इस कारण जींद डिपो में एसी बस नहीं आ पाई हैं।